प्रेस विज्ञप्ति

प्राथमिक विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया

मेरठ: देश की अग्रणी माइक्रोफाइनेंस कंपनी 'सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड' ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत परीक्षितगढ़ के ललियाना गांव स्थित उर्दू माध्यम प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार, २८ फरवरी के दिन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने गांववासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए गांव में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के नारे के बीच रैली निकाली। इसके उपरान्त कक्षा ३, ४ एवं ५ के विद्यार्थियों के लिए 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया और प्रत्येक कक्षा के तीन शीर्ष विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थियों को पेन्सिल, रबर एवं कटर का वितरण किया।

कंपनी ने विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने के लिए विद्यालय को एक स्पोर्ट्स किट भी सुपुर्द की।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अफ़ज़ाल के प्रतिनिधि सलीम, विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश भास्कर और सभी अध्यापक, कंपनी की ओर से डिप्टी सीओओ मुकुंद माधव, जोनल मैनेजर विपिन पांडेय और जोनल विजिलेंस मैनेजर योगेंद्र सिंह एवं अन्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
सतेंद्र शर्मा
प्रबंधक (विजिलेंस)
फोन: 011-47545000, 9811486488